विद्या परं दैवतम्

IIM

भारतीय प्रबंध संस्थान विशाखपट्टणम

Indian Institute of Management Visakhapatnam

भारतीय प्रबंध संस्थान विशाखपट्टणम
6वीं वार्षिक रिपोर्ट 2020-2021

Indian Institute of Management Visakhapatnam
6th Annual Report 2020-2021





विद्या परं दैवतम्

IIM
भारतीय प्रबंध संस्थान विशाखपट्टणम
Indian Institute of Management Visakhapatnam

भारतीय प्रबंध संस्थान विशाखपट्टणम

6ठी वार्षिक रिपोर्ट 2020-2021

विषयवस्तु

अध्यक्ष का संदेश		2
निदेशक का संदेश		3
1.	शासी निकाय	4
2.	कार्यक्रम	6
3.	कार्यकारी शिक्षा	17
4.	संकाय	18
5.	अनुसंधान और प्रकाशन	20
6.	उद्यमिता	22
7.	बुनियादी सुविधाएं	25
8.	भूतपूर्व छात्र गतिविधियां	28
9.	नीति और पहल	28
10.	कार्मिक और प्रशासन	29
11.	वित्तीय स्थिति	31
12.	विवरण	32
13.	निदेशक की रिपोर्ट	49
14.	लेखा का विवरण	64

अध्यक्ष का संदेश

हरि एस. भारतीय

प्रिय हितधारक,

इस 'शताब्दी में एक बार' आई वैश्विक महामारी के कारण हुई अभूतपूर्व अव्यवस्था के बावजूद, संस्थान ने विगत वर्ष में धैर्य, दृढ़ संकल्प और दृढ़ता के साथ अपनी क्षमता साबित की, , नई सामान्य स्थिति के लिए स्वयं का समायोजन और अनुकूलन किया।

मैं केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संस्थान की प्रगति, विकास और सुचारू कामकाज के लिए दी गई सहायता के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

संस्थान की विभिन्न पहलें सुविचारित हैं और एक विवेकशील बोर्ड द्वारा समर्थित हैं। मैं इस अवसर पर बोर्ड के अपने साथी सदस्यों को उनके बहुमूल्य सुझावों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

संस्थान की स्थापना से लेकर केवल पांच वर्ष, तथा आईआईएम अधिनियम 2017 के लागू होने से केवल तीन वर्ष की अवधि, हालांकि एक संस्थान के जीवन काल में बहुत कम है, फिर भी यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

यह खुशी की बात है कि संस्थान आज कई मोर्चों पर प्रथम-प्रस्तावक लाभ प्राप्त कर रहा है, तथा अपने साथियों के समूह में एक विशिष्ट स्थान बनाए हुए है। इसे व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि संस्थान ने कम समय में अच्छा नाम कमाया है। अतएव, मजबूत नींव रखने और इसे एक बेहतरीन संस्थान के रूप में आकार देने के प्रयासों के लिए निदेशक और उनके शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों की टीम बधाई के लिए पात्र हैं।

युवा, अनुभवी और अनुसंधान-उन्मुख उम्मीदवारों की प्रबंधन-शिक्षा महत्वाकांक्षाओं को संबोधित करने वाले विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के साथ ही, संस्थान नीति, निर्देशों और अभ्यास के सही मिश्रण के साथ प्रबंधकीय प्रतिभा की एक समृद्ध संभावनाओं का निर्माण कर रहा है।

32% छात्राओं, 28% महिला संकाय और वंचित वर्गों के 51% छात्रों के साथ, संस्थान समावेशिता और लैंगिक समानता पर अत्यधिक ध्यान दे रहा है।

महामारी से उत्पन्न कई चुनौतियों के बावजूद संस्थान के स्थायी परिसर का निर्माण अच्छी तरह से प्रगति कर रहा है। यह आशा की जाती है कि खोए हुए समय को अच्छी तरह से पूरा किया जाएगा, तथा परिसर 2022 के मध्य तक पंचतारांकित गृह रेटेड सुविधा के रूप में पूरी तरह से तैयार हो जाएगा।

संस्थान प्रबंधन शिक्षा के उभरते आयामों, जैसे ईएसजी (पर्यावरण, समाज और शासन) पर उचित ध्यान दे रहा है। अपनी रणनीति के मूल में डिजिटलीकरण के साथ, संस्थान के मजबूत हाइब्रिड या "फिजिटल" बुनियादी ढांचे का लाभ उठाते हुए, विभिन्न ज्ञान चाहने वालों को विशिष्ट मूल्य-वर्धन के साथ अद्वितीय सीखने का अनुभव प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सामाजिक उद्यमिता के प्रति प्रतिबद्धता बढ़ रही है, तथा प्रौद्योगिकी-आधारित और महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्ट-अप को बड़े पैमाने पर पोषित किया जा रहा है।

संक्षेप में, संस्थान अपने "नई पीढ़ी" के टैग से काफी आगे बढ़ते हुए, कार्य-निष्पादन की अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने तथा उत्कृष्टता के नए शिखरों को मापने के लिए लगातार नवोन्मेष कर रहा है।

संस्थान ने पिछले पांच वर्षों में सरकार, व्यवसाय और समाज में जो सद्भावना अर्जित की है, उसने उद्देश्य की ईमानदारी और प्रतिबद्धता की गहरी भावना के साथ आईआईएम अधिनियम 2017 में निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए स्वयं को फिर से समर्पित करने के लिए एक आदर्श लॉन्चपैड पर रखा है।

हरि एस. भारतीय
अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स
आईआईएम विशाखापट्टणम

दिनांक: 29-10-2021

निदेशक का संदेश

प्रो. एम.चंद्रशेखर

प्रिय बहुमूल्य/ महत्वपूर्ण संरक्षक,

संस्थान ने वर्ष 2020-21 के दौरान और अनेक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किए हैं। हमें इस बात पर गर्व है कि वर्ष–दर–वर्ष, अपनी प्रबंधन–शिक्षा आकांक्षाओं को साकार करने की प्रतिस्पर्धा में छात्रों की बढ़ती संख्या हमें तरजीह दे रही है, जो हम क्या हैं, और हम क्या पाना चाहते हैं, की पुष्टि करता है।

हमारे नए जमाने के साथियों में हमारा संकाय–दल सर्वोपरि रहा है। यह शीर्ष संस्थानों से शिक्षा, अनुसंधान और अनुभव में प्रभावशाली प्रमाणन के विवेकपूर्ण मिश्रण से उत्पन्न नए ज्ञान और सीखने के अवसरों को कक्षा में लाता है।

यह प्रतिबद्धता हमारे छात्रों की शिक्षा के परिणामों में परिलक्षित होती है, जब वे अखिल भारतीय प्रतियोगिताएं जीतते हैं और 100% नियुक्तियां दर्ज करते हैं।

अनुभवी पेशेवरों के लिए हमारा अनुकूलित एमबीए प्रोग्राम तीसरे वर्ष में प्रवेश करने के लिए तैयार है। प्रतिष्ठित उद्यमों से आने वाले ये प्रतिभागी अपने नेतृत्व कौशल को सुधारने के लिए प्रदान की जा रही नई और अनुभवात्मक शिक्षा का सफलतापूर्वक लाभ उठा रहे हैं। उनकी उत्साहजनक प्रतिक्रिया पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है, जो हमारे द्वारा दिए जाने वाले मूल्य का सत्यापन है।

डिजिटल गवर्नेंस एंड मैनेजमेंट में हमारा विशेष एमबीए प्रोग्राम, जो राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिवीजन, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है, अपनी तरह की पहली पहल है, जो अवधारणा से लेकर कमीशनिंग तक डिजिटल इंडिया परियोजनाओं के पूर्ण जीवन–चक्र को कवर करते हुए प्रबंधकीय क्षमता का निर्माण कर रहा है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, जिनमें आईएएस भी शामिल हैं, इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का हिस्सा हैं। अतएव, हम पर आशा और विश्वास दर्शाने के लिए, हम इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

दो वर्षीय महात्मा गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप कार्यक्रम का संचालन करने के लिए हमें चुनने के लिए हम कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के भी आभारी हैं। हमारा काम युवाओं को सार्वजनिक नीति और प्रबंधन में प्रशिक्षित करना है ताकि वे बिहार और अरुणाचल प्रदेश के साथ–साथ हमारे अपने राज्य– आंध्र प्रदेश के हर जिले में कौशल–विकास में एक सुविधाजनक भूमिका निभा सकें।

एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर आईआईएमवी–फील्ड, आईआईएमवी फाउंडेशन फॉर इनक्यूबेशन, एंटरप्रेन्योरियल लर्निंग एंड डेवलपमेंट, एक सेक्शन–8 कंपनी की स्थापना है, जिसने कम समय में अच्छा ध्यानाकर्षण किया है। इसके अलावा, इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाय) के तहत एक प्रौद्योगिकी ऊष्मायन और उद्यमिता विकास (TIDE) केंद्र के रूप में, कंपनी प्रौद्योगिकी–आधारित उद्यमों और महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्ट–अप को प्रोत्साहन दे रही है।

संस्थान सरकार और कारोबार के लिए क्षमता निर्माण के लिए एक बहुप्रतीक्षित स्रोत के रूप में उभरा है। रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान हमने 619 लाभार्थियों को 16,250 प्रतिभागी–घंटों का प्रशिक्षण दिया।

आईआईएम अधिनियम हमें प्रबंधन शिक्षा और अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए भारत और विदेशी

संस्थाओं के साथ सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमने इस उद्देश्य के लिए आईआईएम बेंगलूर तथा आंध्र यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस के साथ करार किये हैं।

हम सुशासन प्रथाओं में ट्रेंड–सेटर भी हैं। उदाहरणार्थ, हमने सबसे पहले आईआईएम अधिनियम के अंतर्गत विनियमों को प्रकाशित किया, जिसने दूसरों के लिए एक मॉडल के रूप में कार्य किया। हम अपनी वेबसाइट पर हर पखवाड़े में अपने परिसर–निर्माण की प्रगति का एक ड्रोन–कैप्चर वीडियो भी डाल रहे हैं।

हमारा भविष्य बहुत आशादायी है। आईआईएम अधिनियम और नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों का अनुसरण करते हुए अच्छी नागरिकता, ज्ञान और कौशल से संपन्न मानव पूंजी के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ है।

हमारे प्रतिबद्ध प्रयास को उत्प्रेरित करने के लिए, मैं और संस्थान में मेरी टीम हमेशा केंद्र और राज्य नेतृत्व के प्रति, हमारे अच्छे कामकाज में योगदान देने वाले हमारे बोर्ड, और समितियों तथा सभी हितधारकों के प्रति उनके निरंतर संरक्षण और हमारी प्रगति और सफलता में भागीदारी के लिए आभारी रहेंगे।

प्रो. एम.चंद्रशेखर
निदेशक, आईआईएम विशाखापट्टणम

दिनांक: 29-10-2021

1. गवर्निंग निकाय (प्रकाशन की तिथि पर अद्यतन किया गया)

1.1 गवर्नर बोर्ड

अध्यक्ष हरि एस. भारतीय सह–अध्यक्ष एवं संस्थापक, जुबिलंट भारतीय समूह	
सदस्य	
पी के बैनर्जी, आईएसएस संयुक्त सचिव (प्रबंधन, एमसी एवं छात्रवृत्ति), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार	सतीश चंद्र, आईएएस विशेष मुख्य सचिव, उच्च शिक्षण, आंध्र प्रदेश सरकार
उमा सुधीन्द्र सुरक्षा रणनीतिज्ञ तथा संस्थापक एवं प्रबंधन भागीदार, गो मैजिक ट्रेल्स; सह–संस्थापक आई एम एव्हरी वूमन	प्रसाद दहापुते प्रबंध निदेशक दि वरहद ग्रुप
सतीश रेड्डी चेयरमैन डॉ.रेड्डी'ज़ लैबोरेटरीज़	नौशाद डी फोर्ब्स सह–अध्यक्ष फोर्ब्स मार्शल ग्रुप ऑफ कंपनीज़
जी रघुराम पूर्व निदेशक भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर	राजीव कपूर, आईएएस (सेवानिवृत्त) भारत सरकार के पूर्व– सचिव तथा पूर्व निदेशक, एलबीएसएनएए
मालविका हरिता विख्यात भूतपूर्व छात्रा, आईआईएम बेंगलूर संस्थापक, ब्रांड सर्किल	अमीता चटर्जी मैनेजिंग ट्रस्टी, एकम फाउंडेशन, मुंबई
बी श्रीरंगाचार्युलु असोसिएट प्रोफेसर, आईआईएम विशाखापट्टणम	दीपिका आर गुप्ता असिस्टंट प्रोफेसर, आईआईएम विशाखापट्टणम
एम चंद्रशेखर निदेशक भारतीय प्रबंध संस्थान विशाखापट्टणम	

कलीम वी खान, बोर्ड के सचिव, आईआईएम विशाखापट्टणम

1.2 भवन एवं कार्य समिति

अध्यक्ष

सतीश रेड्डी

चेयरमैन, डॉ.रेड्डीज़ लेबोरेटरीज़ तथा सदस्य (बीओजी), आईआईएम विशाखापट्टणम

सदस्य

उमा सुधीन्द्र सुरक्षा रणनीतिज़्स तथा संस्थापक, "गो मैजिक ट्रेल्स" तथा सदस्य (बीओजी)	लिगी फिलिप, एफएनएई, एफआरएससी संस्थान की चेयर प्रोफेसर, सिविल अभियांत्रिकी विभाग तथा डीन (आयोजना), आईआईटी मद्रास
राजीव मिश्रा प्राचार्य, सर जे जे स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर मुंबई विश्वविद्यालय	वी नागादेवरा भूतपूर्व प्रोफेसर, डीन तथा निदेशक (प्रभारी) चेयरमैन, बिल्डिंग समिति; आईआईएम बेंगलूर
के. वेंकट रमण रेड्डी, आईएएस मेट्रोपोलिटन कमीश्नर, विशाखापट्टणम महनगरीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण	एम चंद्रशेखर निदेशक, आईआईएम विशाखापट्टणम

अमित बरन चक्रबर्ती असिस्टंट प्रोफेसर, आईआईएम विशाखापट्टणम	आर. साईकृष्ण राजु प्रमुख (परियोजनाएं), आईआईएम विशाखापट्टणम (सदस्य – संयोजक)
आमंत्रित : 1. सुशांत बालिगा (भूतपूर्व : अतिरिक्त महानिदेशक, सीपीडब्ल्यूडी), परामर्शदाता (भवन एवं कार्यननर्न), आईआईएम विशाखापट्टणम 2. प्रो. बी.श्रीरंगाचार्युलु, संकाय प्रभारी (भवन और कार्य), आईआईएम विशाखापट्टणम	

1.3 वित्त, निवेश तथा लेखापरीक्षा समिति

अध्यक्ष

अमीता चटर्जी

मैनेजिंग ट्रस्टी, एकम फाउंडेशन, मुंबई तथा सदस्य (बीओजी), आईआईएम विशाखापट्टणम

सदस्य

दर्शना एम डबराल संयुक्त सचिव तथा वित्तीय सलाहकार शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार	प्रसाद दहापुते प्रबंध निदेशक, दि वरहद ग्रुप तथा सदस्य (बीओजी)
पद्मिनी श्रीनिवासन असोसिएट प्रोफेसर (वित्त एवं लेखा) आईआईएम बेंगलूर	ए राधाकृष्ण वित्तीय नियंत्रक तथा कंपनी सेक्रेटरी बर्कले'ज़ शेयर्ड सर्विसेज़
श्रीनिवास कुमार अलामुरु, आईए व एएस (सेवानिवृत्त) पूर्व महालेखाकार (ए एंड ई), आंध्र प्रदेश	एम. चंद्रशेखर निदेशक, आईआईएम विशाखापट्टणम
दीपिका गुप्ता मुख्य लेखापरीक्षा कार्यकारी, आईआईएम विशाखापट्टणम तथा सदस्य (बीओजी)	नंदिता गुंडाला अधीक्षक (वित्त एवं लेखा) आईआईएम विशाखापट्टणम (सदस्य–संयोजक)
आमंत्रित: नीना पांडेय,समन्वयक (प्रशासन)	

बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, भवन और कार्य समिति तथा वित्त, निवेश और लेखापरीक्षा समिति की बैठकों का ब्योरा विवरण 1 में दिया गया है।

1. कार्यक्रम

संक्षिप्त विवरण

भारतीय प्रबंधन संस्थान विशाखापत्तनम में वर्तमान में चार दीर्घ अवधि के कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए हैं – प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी), पीएचडी कार्यक्रम, अनुभवी पेशेवर के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीईएक्स) तथा डिजिटल शासन और प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) –डीजीएम)।

2.1 पीएचडी कार्यक्रम

भारतीय प्रबंधन संस्थान विशाखापट्टणम (आईआईएमवी) का पीएचडी कार्यक्रम एक शोध–गहन डॉक्टरेट कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य अनुसंधान में उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण प्रदान करना है। आईआईएमवी भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलूर (आईआईएमबी) के संरक्षण और मार्गदर्शन में रहा है, जो प्रबंधन शिक्षा में अभिस्वीकृत अग्रणी है।

संस्थान के पीएचडी कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्य रूप से भावी विद्वानों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशनों के माध्यम से अनुसंधान के उनके चयनित क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण देना है। यह कार्यक्रम विद्वानों को अत्यधिक कुशल शिक्षक बनने के लिए भी तैयार करेगा।

पीएचडी कार्यक्रम के दूसरे बैच का उद्घाटन 20 जुलाई, 2020 को हुआ। कार्यक्रम में कुल 6 छात्रों को प्रवेश दिया गया।

2.1.1 शैक्षणिक

विशेषज्ञता के क्षेत्र

पीएचडी कार्यक्रम में वर्ष 2020 में विशेषज्ञता के चार क्षेत्रों, अर्थात् निर्णय विज्ञान (1 छात्र), वित्त और लेखा (2 छात्र), विपणन (1 छात्र) और उत्पादन और परिचालन प्रबंधन (2 छात्र) में छात्रों को प्रवेश दिया।

पीएचडी कार्यक्रम की संरचना

कार्यक्रम में दो चरण शामिल हैं, अर्थात, कोर्सवर्क और थीसिस। कार्यक्रम की सामान्य अवधि पांच वर्ष है, जिसमें दो वर्ष का पाठ्क्रम कार्य, व्यापक परीक्षा और थीसिस कार्य, जिसमें थीसिस प्रपोजल डिफेंस शामिल है; तथा अंतिम थीसिस मूल्यांकन और डिफेंस शामिल हैं।

चरण 1 – कोर्सवर्क

इस चरण में पीएचडी कार्यक्रम के पहले दो वर्ष शामिल हैं। इस चरण में शोध और स्वतंत्र अध्ययन शामिल है। पहले चरण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए दूसरे शैक्षणिक वर्ष के अंत में व्यापक परीक्षा (लिखित और मौखिक) उत्तीर्ण करना आवश्यक है।

चरण 2 – थीसिस कार्य

चरण 1 के पूरा होने पर, छात्र थीसिस का काम शुरू करते हैं, जिसमें एक थीसिस प्रपोज़ल तथा एक अंतिम थीसिस–मूल्यांकन और डिफेंस शामिल है।

2.1.2 संस्थागत सहायता

संस्थान पर्याप्त वित्तीय और संरचनागत सहायता प्रदान करता है। पीएचडी कार्यक्रम के होनहार छात्रों को पहले वर्ष में 30,000 रुपये की मासिक वृत्ति मिलेगी, जो ट्यूशन फीस माफी के अतिरिक्त, अधिकतम पांच वर्षों के लिए 10% वार्षिक वेतनवृद्धि के साथ होगी।

छात्रों को उपलब्ध अन्य वित्तीय सहायता में शामिल हैं:

- आकस्मिकता अनुदान रुपये 75,000/- (वर्ष 1 में) तथा रुपये 25,000/- (वार्षिक, वर्ष 2 से 5 तक)
- परिवार सहित कैंपस से बाहर रहने वाले वाले छात्रों के लिए एचआरए, मासिक रु. 7,500/– या उसके समकक्ष किराया।
- स्वीकृत कागजात के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन अनुदान रुपये 3,00,000/- तक, तथा राष्ट्रीय अनुदान रु. 60,000/- तक।

2.2 अनुभवी पेशेवरों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीईएक्स)

मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) की डिग्री प्रदान करने के लिए अनुभवी पेशेवरों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीईएक्स) एक गैर–आवासीय सप्ताहांत कार्यक्रम है। यह विशाखापत्तणम शहर और उसके आसपास स्थित अनुभवी पेशेवरों के लिए नया ज्ञान और कौशल हासिल करने और अपने करियर को आगे बढ़ाने का एक उत्कृष्ट अवसर है।

कार्यक्रम का व्यापक लक्ष्य प्रतिभागियों को पेशेवर वृद्धि और विकास के लिए उनकी प्रबंधकीय दक्षताओं और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने में सहायता करना; तथा उस उन्नत शिक्षा के माध्यम से, उनके संगठनों में अधिक प्रभावी ढंग से योगदान करना है।

पीजीपीईएक्स (एमबीए) कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

- पीजीपीईएक्स एमबीए डिग्री प्रदान करता है

- 2-वर्षीय (गैर–आवासीय) कार्यक्रम
- कक्षाएं शुक्रवार शाम और सप्ताहांत पर आयोजित की जाती हैं
- मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम पैक (25 पाठ्यक्रम)
- कैपस्टोन परियोजना
- आईआईएम विशाखापट्टणम भूतपूर्व छात्र स्थिति

दूसरे बैच का उद्घाटन 5 सितंबर, 2020 को किया गया। पीजीपीईएक्स 2020-22 बैच में बत्तीस छात्रों को प्रवेश दिया गया।

2.2.1 शैक्षणिक

आईआईएमवी के पाठ्यक्रम को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ पर बेंचमार्क किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारतीय संदर्भ पर ध्यान केंद्रित करते हुए गतिशील शैक्षणिक प्रथाओं के आधार पर श्रेणी में सर्वोत्तम व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जाती है। पाठ्यक्रम में लगातार सुधार करने पर उचित महत्व दिया जाता है, जो उत्कृष्ट संकाय के मार्गदर्शन में छात्रों के एक असाधारण समूह को गतिशील व्यावसायिक नेताओं में विकसित और परिवर्तित करने में सहायता करता है।

व्याख्यान, कक्षा में चर्चा, केस–स्टडी, वैयक्तिक और समूह परियोजनाओं, टर्म पेपर, रोल प्ले, व्यवसाय (सिमुलेशन) गेम इत्यादि के संयोजन के माध्यम से पाठ्यक्रम प्रदान और मूल्यांकित किए जाते हैं। विभिन्न शिक्षाविदों, उद्योगपतियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा अतिथि व्याख्यान भी छात्रों के अनुभव को समृद्ध करते हैं।

2020-21 के दौरान, बाईस वैकल्पिक पाठ्यक्रम पेश किए गए। पाठ्यक्रमों की सूची विवरण 2 के रूप में संलग्न है।

2.2.2 निदेशक की मेरिट सूची

पहले वर्ष के अंत में शैक्षणिक प्रदर्शन (संचयी ग्रेड पॉइंट औसत) के आधार पर बैच में शीर्ष 5% छात्रों को निदेशक की मेरिट सूची में शामिल किया जाता है। पीजीपीईएक्स 2019-21 के तीन छात्रों को निदेशक की मेरिट सूची के लिए चुना गया। प्रत्येक पात्र छात्र को 10,000 रुपये का पुस्तक अनुदान और गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।

2.2.3 गुणवत्ता प्रमाणपत्र

टर्म 1, 2 और 3 के अंत में शैक्षणिक प्रदर्शन (टर्म जीपीए) के आधार पर जिन छात्रों को प्रथम स्थान दिया गया है, उन्हें गुणवत्ता प्रमाणपत्र सूची में शामिल किया गया है। पीजीपीईएक्स 2019-21 के प्रत्येक टर्म के तीन छात्रों को गुणवत्ता प्रमाणपत्र के लिए चुना गया। प्रत्येक पात्र छात्र को 6000 रुपये का पुस्तक अनुदान और गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ।

2.3 डिजिटल गवर्नेंस और प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी–डीजीएम)

राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिवीजन (एनईजीडी), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), भारत सरकार (जीओआई) के तत्वावधान में 2019 में डिजिटल गवर्नेंस एंड मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी–डीजीएम) की शुरुआत की गई, जिसमें मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) की डिग्री प्रदान की जाती है।

प्रतिभागियों में डिजिटल–प्रबंधन क्षमताओं को बढ़ाने की दृष्टि से यह अनुकूलित कार्यक्रम तैयार किया गया है, जिसमें सरकारी अधिकारियों के साथ–साथ निजी और सार्वजनिक उद्यमों के पेशेवर भी शामिल हैं। यह परिकल्पना की गई है कि स्नातक होने वाले उम्मीदवार डिजिटल इंडिया के पदचिह्न और प्रभाव को और अधिक व्यापक और गहन रूप से उत्प्रेरित करेंगे, जिससे अंतिम उपयोगकर्ताओं को सेवाओं की सुपुर्दगी के मात्रात्मक और गुणात्मक परिवर्तन में योगदान किया जाएगा।

पहले बैच की सफल शुरुआत के बाद दूसरे बैच की प्रवेश प्रक्रिया के दौरान राज्यों और विभागों से 114 आवेदन प्राप्त हुए। हालाँकि, कोविड–19 के कारण उत्पन्न जटिलताओं के कारण प्रवेश प्रक्रिया में विलंब हुआ। कार्यक्रम के दूसरे बैच का उद्घाटन अप्रैल–मई 2021 में किया जाएगा।

संस्थान सभी हितधारकों के लाभ के लिए एनईजीडी के साथ भागीदारी के पैमाने और दायरे में मजबूती से, बढ़ने के लिए तत्पर है। यह आशा की जाती है कि सरकारी अधिकारियों के साथ–साथ कार्यक्रम से स्नातक होने वाले निजी और सार्वजनिक उद्यमों के पेशेवर परिवर्तन के चैंपियन तथा डिजिटल–परिवर्तन परियोजनाओं के प्रबंधकों के रूप में नेतृत्व करेंगे, जो नागरिकों को सेवा–सुपुर्दगी की दक्षता और शासन की प्रभावशीलता पर बेहतर ध्यान केंद्रित करेंगे।

2.3.1 शैक्षणिक

कार्यक्रम दो वर्षों में 4 सेमेस्टर में फैला हुआ है। यह पारंपरिक और वर्चुअल क्लास–रूम मोड के विवेकपूर्ण संयोजन के साथ एक मिश्रित–लर्निंग मॉडल है। यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा

प्रस्तुत किए जा रहे ऐसे (ऑन–लाइन) कार्यक्रमों के महत्व और बढ़ती प्रवृत्ति के अनुरूप है। पाठ्यक्रम–सुपुर्दगी का यह मिश्रित–मोड कामकाजी पेशेवरों की ज्यादा लंबे समय के लिए काम से दूर होने संबंधी बाधाओं को संबोधित करता है, जो आमतौर पर परिसर, आवासीय कार्यक्रमों में पूरी तरह से आवश्यक होता है।

कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए एक तन्मयतापूर्ण और सक्रिय शैक्षिक अनुभव के लिए डिज़ाइन किया गया है। चयनित उम्मीदवारों को एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान / विश्वविद्यालय में लगभग 2 सप्ताह के 'घरेलू घटक' के साथ–साथ 'अंतर्राष्ट्रीय घटक' को पूरा करना होगा।

इसके अलावा, प्रतिभागियों को व्यावहारिक महत्व की एक कैपस्टोन परियोजना को अंजाम देना होगा, जिसमें डिजिटल गवर्नेंस और प्रबंधन क्षेत्र में कार्यान्वयन की संभावना हो।

2020-21 के दौरान, तीन वैकल्पिक पाठ्यक्रमों का प्रस्ताव किया गया। पाठ्यक्रमों की सूची विवरण 3 के रूप में संलग्न है।

2.3.2 शैक्षणिक सम्मान

सेमेस्टर 1 और 2 के अंत में अकादमिक प्रदर्शन (सेमेस्टर जीपीए) के आधार पर अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र प्रथम रैंक धारक हैं और उन्हें 6000 / - का पुस्तक अनुदान और मेरिट प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है।

2.3.3 उत्कृष्ट व्याख्यान श्रृंखला

कक्षा में सीखने के साथ डिजिटल प्रौद्योगिकियों में काम करने के व्यावहारिक अनुभव के साथ पूरक के रूप में व्याख्यानों की एक अनूठी श्रृंखला शुरू की गई। डिजिटल गवर्नेंस और प्रबंधन के क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखने वाली विशिष्ट हस्तियों को हमारे छात्रों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस तरह का पहला व्याख्यान 31 अक्तूबर, 2020 को श्री जे सत्यनारायण, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व सचिव, एमईआइटीवाय द्वारा आयोजित किया गया था। उन्होंने "डिजिटल परिवर्तन – चुनौतियां और अवसर" विषय पर समूह को समृद्ध किया। दूसरी विख्यात वक्ता सुश्री एस राधा चौहान, आईएएस [यूपी: 88] थीं (वर्तमान में यूपी सरकार में। पहले पी एंड सीईओ, एनईजीडी में); उन्होंने 6 फरवरी, 2021 को "विघटनकारी ई–गवर्नेंस प्लेटफॉर्म" पर श्रोताओं को संबोधित किया।

2.4 प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी)

मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) की डिग्री के लिए प्रमुख दो वर्षीय पूर्णकालिक आवासीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम छात्रों को तेजी से जटिल और गतिशील वैश्विक परिदृश्य में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक वर्ष में तीन टर्म्स में फैला यह कार्यक्रम दो वर्षों के बीच ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के साथ वैचारिक और विश्लेषणात्मक तर्क की नींव रखता है और छात्रों को कारोबारी माहौल की गतिशीलता में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

2.4.1 शैक्षणिक

एमबीए के पाठ्यक्रम को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ पर बेंचमार्क किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारतीय संदर्भ पर ध्यान केंद्रित करते हुए गतिशील शैक्षणिक प्रथाओं के आधार पर श्रेणी में सर्वोत्तम व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जाती है। ऐसे पाठ्यक्रम का निर्माण करने पर उचित महत्व दिया जाता है, जो प्रभावशाली शैक्षणिक एवं प्रमाणित रिसर्च वाले संकाय के मार्गदर्शन में छात्रों के एक असाधारण समूह को गतिशील व्यावसायिक नेताओं के रूप में विकसित और परिवर्तित करने में सहायता करता है। विभिन्न प्रसिद्ध शिक्षाविदों, उद्योगपतियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के अतिथि व्याख्यान भी छात्र–अनुभव को समृद्ध करते हैं।

व्याख्यान, कक्षा में चर्चा, केस स्टडी, वैयक्तिक और समूह परियोजनाओं, टर्म पेपर, रोल प्ले, बिजनेस (सिमुलेशन) गेम्स आदि के संयोजन के माध्यम से पाठ्यक्रम की सुपुर्दगी और मूल्यांकन किया जाता है।

2020-22 के पीजीपी बैच में कुल 153 छात्रों को प्रवेश दिया गया। कक्षा की प्रोफ़ाइल का एक स्नैपशॉट यह दर्शाता है कि अनुसूचित जाति के 28 छात्र, अनुसूचित जनजाति के 11छात्र, 49 महिला छात्र, कार्य का अनुभव वाले 85 छात्र और इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि वाले 117 छात्र हैं।

वर्ष 2020-21 के दौरान, अड़तालीस वैकल्पिक पाठ्यक्रम पेश किए गए। पाठ्यक्रमों की सूची विवरण 4 के रूप में संलग्न है।

2.4.2 निदेशक की मेरिट सूची

पहले वर्ष के अंत में शैक्षणिक प्रदर्शन (संचयी ग्रेड पॉइंट औसत) के आधार पर बैच में शीर्ष 5% छात्रों को निदेशक की मेरिट सूची में शामिल किया गया है। निदेशक मेरिट सूची के लिए पीजीपी 2019-21 के सात छात्रों का चयन किया गया। प्रत्येक पात्र छात्र को 10,000

रुपये का पुस्तक अनुदान और गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ।

2.4.3 गुणवत्ता प्रमाणपत्र

जिन छात्रों को सत्र 1, 2 और 3 के अंत में शैक्षणिक प्रदर्शन (टर्म जीपीए) के आधार पर प्रथम स्थान दिया गया है, उन्हें मेरिट प्रमाणपत्र सूची में शामिल किया गया है। पीजीपी 2019-21 के प्रत्येक सत्र के सात छात्रों को मेरिट सर्टिफिकेट के लिए चुना गया है। प्रत्येक पात्र छात्र को 6000 रुपये का पुस्तक अनुदान और गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ।

2.4.4 वित्तीय सहायता

संस्थान वित्तीय सहायता की आवश्यकता वाले छात्रों को सहायता प्रदान करता है। वित्तीय सहायता नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी छात्र वित्तीय कारणों से संस्थान में शिक्षा से वंचित न रहे। सभी छात्र जिनकी वार्षिक घरेलू आय आईएनआर 6,00,000/- से कम है, आवेदन करने के लिए पात्र हैं। वित्तीय कठिनाइयों वाले अन्य छात्रों पर भी विचार किया जाता है।

वित्तीय सहायता समिति सहायता पाने वालों की संख्या और सहायता की राशि निर्धारित करने के लिए दो चरणों वाली प्रक्रिया अपनाती है। पहले चरण में, आवेदकों का दो मानदंडों पर मूल्यांकन किया जाता है – आय (पारिवारिक आय + आईआईएमवी में शामिल होने से पहले व्यक्तिगत आय) और बकाया ऋण (बशर्ते उन्हें विशिष्ट उपभोग के लिए नहीं लिया गया हो)। इस रेटिंग के आधार पर उन्हें संकाय के पैनल के साथ व्यक्तिगत बातचीत के लिए बुलाया जाता है।

इन आपसी बातचीतों के दौरान, संकाय पैनल आवेदकों के रैंक के क्रम पर पहुंचने के लिए प्रत्येक आवेदक की तरलता, ऋण योग्यता और वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन करता है। इन मापदंडों के भारित औसत अंकों के आधार पर, आवेदकों को समिति की सिफारिशों के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

वर्ष 2020-21 के दौरान, 16 छात्रों को कार्यक्रम शुल्क में छूट के रूप में 34.25 लाख रुपये की राशि वित्तीय सहायता के रूप में उपलब्ध कराई गई।

लाभार्थियों का विवरण नीचे दिया गया है:

वित्तीय सहायता 2020-21			
संवर्ग	लागू	स्वीकृत	मंजूर की गई राशि
ईडब्ल्यूएस	16	8	INR 34,25,000/-
सामान्य	2	1	
एनसी–ओबीसी	7	2	
अनु.जाति	5	1	
अनु. जनजाति	2	3	
डीएपी	1	1	
कुल	33	16	

2.4.5 उपाधियां प्रदान करना

कोविड–19 महामारी जारी रहने के कारण वर्ष 2020-21 के दौरान वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित नहीं किया गया। डिग्री प्राप्त करने के लिए पात्र सभी छात्रों को अगले वार्षिक दीक्षांत समारोह में डिग्री/प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

2.4.6 नियुक्तियाँ

ऑफिस ऑफ कैरियर डेवलपमेंट सर्विसेज (सीडीएस) ने स्टूडेंट्स प्लेसमेंट कमेटी के साथ मिलकर वर्ष के दौरान समर और फाइनल प्लेसमेंट की सुविधा प्रदान की।

2.4.7 समर प्लेसमेंट –पीजीपी 2020-22

आईआईएम विशाखापट्टणम ने एक बार फिर अपना नाम सार्थक किया है और 2020-2022 के एमबीए बैच के लिए 100% समर प्लेसमेंट पूरा कर लिया है। उद्योग जगत के अग्रणियों द्वारा छात्रों को आला भूमिकाओं की पेशकश की गई है, तथा कुछ छात्र स्टाइपेंड और प्रस्तावित भूमिकाओं के संबंध में एक रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। निरंतर सफलता जीवन का एक तरीका है और हमारे छात्रों ने इसे एक बार फिर साबित कर दिया है।

रोलिंग के आधार पर आयोजित, समर प्लेसमेंट सीज़न में 50 से अधिक कंपनियों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया और अनेक प्रस्ताव दिए।

2.0 लाख रुपये के उच्चतम वजीफे के साथ, शीर्ष चतुर्थांश के लिए 1.17 लाख रुपये और शीर्ष 10 प्रतिशत के लिए 1.46 लाख रुपये के वजीफे के साथ, संस्थान ने

पिछले वर्ष के 62,264 रुपये की तुलना में औसत वजीफे में 20.4% की भारी वृद्धि देखी। इन आंकड़ों ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए और नए मानक स्थापित किए।

इस सीजन में आईटी, बीएफएसआई, एडटेक, मैन्युफैक्चरिंग, एफएमसीजी, हॉस्पिटैलिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे उच्च विकास वाले क्षेत्रों की कंपनियों ने भाग लिया। कुछ प्रमुख नियोक्ता, जिन्होंने आईआईएम विशाखापट्टणम में सहभाग लिया और उन्हें नौकरियां दीं, उनमें से कुछ हैं बॉश, डालमिया भारत, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, आईओसीएल, लुब्रीज़ोल, एमटीआर, मॉडर्न फूड्स, आउटलुक, आरबीआई, टैफे, टाटा एआईजी, वी–गार्ड, यस बैंक। सभी रिक्रूटर्स ने सेल्स एंड मार्केटिंग, उत्पाद प्रबंधन, एनालिटिक्स, एचआर, वित्त और परिचालन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रबंधन कार्यों में भूमिकाओं की पेशकश की।

ऐसे कठिन समय में भी संस्थान में छात्रों में निरंतर विश्वास और आत्मविश्वास दिखाया गया है, जो कठिन चुनौतियों का सामना करने और कठिन परिस्थितियों में भी अपनी योग्यता साबित करने की उनकी क्षमता का एक उदाहरण है।

2.4.8 अंतिम प्लेसमेंट – पीजीपी 2019-21

संस्थान ने अपने प्रमुख स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) के लिए 2019-21 के बैच के लिए अंतिम प्लेसमेंट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस साल कोविड–19 महामारी और बाजार में मंदी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, नियोक्ताओं ने संस्थान में निरंतर विश्वास दिखाया, और अंतिम प्रक्रिया पूरी तरह से वर्चुअल मोड पर आयोजित की गई। 100% प्लेसमेंट की यह विरासत हमारे सम्मानित नियोक्ताओं के अटूट समर्थन और हमारे छात्रों के प्रयासों के द्वारा ही संभव हुई है।

रोलिंग आधार पर आयोजित, प्लेसमेंट सीज़न में 100 से अधिक कंपनियों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया तथा अनेक प्रस्ताव दिए।

अमेज़ोन, अमूल, डिलॉइट, फरैंकलिन टेंपलटन, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, इनमोबि, केपीएमजी, एमटीआर, एनसीआर कॉर्पोरेशन, टाटा एआईए, टीवीएस मोटर्स, येस बैंक, ज़ेटवेर्क – को कॉरपोरेट जगत में प्रमुख रिक्रूटर्स में गिना जाता है।

क्षेत्र–वार ब्रेक–अप

आईटी/आईटीईएस ने 36% के साथ नई प्रतिभाओं पर बड़ा दांव लगाना जारी रखा, इसके बाद बीएफएसआई (11%) का स्थान रहा। अन्य क्षेत्रों में विनिर्माण (9%), फिनटेक (6%), परामर्श (5%), एडटेक (4%), रसद सेवाएँ (4%), एफएमसीजी (3%), ई–कॉमर्स (2%), विलासिता (1%) और डिजिटल मीडिया (1%) शामिल हैं।

संस्थान में छात्रों में निरंतर विश्वास और आत्मविश्वास बनाए रखने के परिणामस्वरूप इस वर्ष भी अनेक शीर्ष नियोक्ताओं ने उन्हें नौकरी दी। केपीएमजी ने छात्रों को सलाहकार की भूमिका के लिए भर्ती किया, जबकि फ्रैंकलिन टेम्पलटन ने सामान्य प्रबंधन प्रोफ़ाइल के लिए उन्हें काम पर रखा। टाटा एआईए और ज़ेटवेर्क ने अपने मैनेजमेंट ट्रेनी प्रोग्राम्स के लिए प्रस्ताव दिए हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल में वित्त और विपणन तथा इनमोबी में लेखा प्रबंधन में भूमिकाओं के लिए भर्ती किया गया। इस सीज़न में विभिन्न उच्च–विकास क्षेत्रों की कंपनियों की सहभागिता भी देखी गई।

Key Highlights

Highest Stipend	₹ 2.0 Lakh
Average Stipend of Top 10%	₹ 1.46 Lakh
Average Stipend of Top 25%	₹ 1.17 Lakh
Average Stipend	₹ 62,264
Total No. of Recruiters	52
No. of New Recruiters	39
Students Placed	100%



2.4.9 छात्रों की उपलब्धियां

संस्थान के छात्र बी–स्कूलों और अन्य संस्थानों/कंपनियों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने में गर्व महसूस करते हैं और संस्थान को गौरवान्वित करते हैं। इस वर्ष भी उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर की कुछ बेहतरीन प्रतियोगिताओं को जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

उनकी उपलब्धियों की सूची विवरण 5 में संलग्न है।

2.4.10 विभिन्न छात्र क्लबों द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

नेतृत्व पर व्याख्यान

- श्री सौरभ बजाज – मार्केटिंग हेड, डेयरी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड

  विषय: व्यावहारिक विक्रेता

  वक्ता ने ब्रांड कार्यों पर अंतर्दृष्टि प्रदान की, चाहे कोई ब्रांड किसी श्रेणी को विकसित या चोरी करना आवश्यक समझे। उन्होंने एसटीपी विश्लेषण के माध्यम से उपभोक्ताओं को समझने और उपभोक्ता अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के बारे में भी बताया। अंत में, उन्होंने ब्रांड सीढ़ी के बारे में चर्चा की– उपभोक्ता को आपके उत्पाद क्यों खरीदने चाहिए तथा ब्रांड के मार्केटिंग घटक क्या हैं।

- श्री नारायण टी वी – मार्केटिंग प्रमुख, पेपाल इंडिया

  विषय: प्रभावी विपणन संचार

  वक्ता ने मार्केटिंग कम्युनिकेशन की क्रमिक प्रक्रिया, ब्रांड बिल्डिंग, ग्राहकों को लक्षित करने में कथा कथन विधि के महत्व और महामारी के कारण बदलते समय में प्रासंगिक संदेश पर अंतर्दृष्टि प्रदान की।

- श्री आश्रय सुधीर, उत्पाद प्रबंधक गोफ्रूड गोजेक,

  द लीडरशिप टॉक्स सीरीज़ के 26वें एपिसोड के लिए।

  सम्मानित अतिथि ने "उत्पाद प्रबंधन: समस्याओं से समाधान तक" विषय पर छात्रों को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने उत्पाद प्रबंधन भूमिकाओं, उत्पाद प्रबंधकों की भूमिका के बारे में आम मिथकों के बारे में बात की और बताया कि समस्याओं से समाधान तक कैसे जाना है।

- अहमद आफताब नकवी – सीईओ और सह–संस्थापक, जीज़ूप

  विषय – हम कठोर हो रहे हैं, कठोर नवोन्मेषी हो रहे हैं।

  उन्होंने बताया कि जब हम कठिन परिस्थितियों का सामना करते हैं, तब नवप्रवर्तन होता है।

- नितिन विश्वास – सह–संस्थापक, मूनशाइन

  विषय – एक उद्यमी की यात्रा – नौकरी तलाशने

वाले से नौकरी देने वाले तक।

उन्होंने एक उद्यमी बनने की अपनी यात्रा के बारे में बात की।

- अविनाश झंगियानी – सीईओ, प्ले2ट्रांसफॉर्म

  विषय – डिजाइन विचार

  उन्होंने डिजाइन विचार और विकास के बारे में बात की।

- गेविन वान व्यक

  विषय: द अल्टिमेट मैजिक 8 बॉल – एनालिटिक्स

  उन्होंने विश्लेषिकी के क्षेत्र को विभिन्न परिप्रेक्ष्यों में समझने तथा विश्लेषिकी के क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ना है, इस बारे में बात की।

- उमेश जोशी, एसोसिएट डायरेक्टर– परफेटी वान मेले,

  उन्होंने इन्वेंट्री को इष्टतम करने संबंधी समस्याओं और उपायों के बारे में बात की। उन्होंने उन 3 चीजों के बारे में बताया जो अप्रचलित इन्वेंट्री का सामना कर सकती हैं, अर्थात्, प्रौद्योगिकी, गुणवत्ता और वेग।

- श्रीनिवास गोंधलेकर, निदेशक, कानजेन इन्स्टीव्यूट ऑफ एशिया पेसिफिक

  उन्होंने कहा कि किसी उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता को उस उत्पाद या सेवा की उपयुक्तता के रूप में देखें, जो ग्राहक की आवश्यकतानुसार उसके इच्छित उपयोग को पूरा करती हो या उससे अधिक हो।

- श्रीमती अर्चना वेंकट, निदेशक और विपणन प्रमुख, वित्तीय सलाहकार सेवा कंपनी, डेलॉइट टौच तोहमात्सु, इंडिया

  विषय – काम पर महिलाएं: प्रभावी कैरियर प्रबंधन

  सत्र 'पेशेवर यात्रा कैसे शुरू करें और इसे सफलतापूर्वक कैसे तैयार करें' के बारे में शिक्षा से परिपूर्ण था। उन्होंने न केवल महिलाओं के लिए कार्यस्थल की गतिशीलता और कौशल अपेक्षाओं पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि प्रभावी कैरियर प्रबंधन के लिए सफलता के मार्ग पर कैसे चलें, इसका एक ठोस ढांचा भी दिया। उन्होंने प्रमुख महिला उद्यमियों के अपने अनुभव से छात्रों को अवगत कराया तथा उन्हें व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में संतुलन को पोषित करने के महत्व को समझने में सहायता की।

- श्री विक्टर चेंग, केस तैयार करने के विश्व विख्यात विशेषज्ञ और caseinterview.com के संस्थापक

  विषय – केस साक्षात्कार की तैयारी हेतु परामर्श

  उन्होंने न केवल इस महामारी के दौरान परामर्श की गतिकी (डायनामिक्स) पर ध्यान केंद्रित किया अपितु उस प्रभावशाली रूपरेखा के बारे में भी बताया कि केस–आधारित साक्षात्कार कैसे लिए जाएं और अटकलबाजी से कैसे बचा जाए। उन्होंने छात्रों को अपने अनुभव से बताया कि सारवृत्त (रेज्यूमे) की छंटनी कैसे की जाती है और उन्हें यह अहसास कराया कि अपने आप को प्रस्तुत करने का सबसे बढ़िया तरीका यह है कि आप अपनी सॉफ्ट स्किल्स एवं हार्ड स्किल्स में संतुलन बनाते हुए अपनी विशिष्टता को प्रदर्शित करें। असफलताओं को फीडबैक के रूप में ग्रहण करने की उनकी सीख प्रेरणादायक थी।

- श्री धीरज सूद, वीडियोजेट टैक्नोलॉजी –इंडिया एवं दक्षिण एशिया में दानाहेर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक

  विषय – आधुनिक युग में वृद्धि की रणनीति

  एक संगठन के रूप में वीडियोजेट की कार्यप्रणाली, संपूर्ण रणनितिक प्रक्रा में आए बदलाव, आधुनिक युग में तकनीकी, डिजिटलीकरण और इन्हें अपनाने की सोच के बारे में ए बदलाव के बारे में चर्चा की गई।

- श्री पंकज राय, वेल्स फोर्गो में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट स्ट्रेटेजी

  विषय – रणनीतिक अधिकार क्षेत्र में सही चुनाव करना!

  उन्होंने स्व–सृजित 5 सी फ्रेमवर्क के बारे में चर्चा की जिनका उपयोग व्यक्तिगत तथा पेशेवर दोनों ही परिस्थितियों में किया जा सकता है और ये 5 सी इस प्रकार हैं – क्यूरिसिटी (जिज्ञासा), कम्पैशन (करुणा), कन्विक्शन (दृढ़ विश्वास), क्रिएटिविटी (सृजनात्मकता) तथा कम्युनिकेशन (संप्रेषण) और इनका उपयोग व्यक्तिगत तथा

पेशेवर दोनों ही परिस्थितियों में किया जा सकता है। उन्होंने यह उल्लेख भी किया कि हर व्यक्ति का अपना खुद का फ्रेमवर्क होना चाहिए और निर्णय लेना व्यक्ति पर ही निर्भर है। इसके पश्चात उन्होंने इस बात पर चर्चा की कि इस महामारी के दौरम में वेल्स फोर्गो जैसी फर्में कैसे नई रणनीतियां अपना रही हैं।

- श्री मार्क कोसेन्टीनो, 'केस क्वेश्चन' के संस्थापक और 'केस इन पाइंट' के लेखक

  श्री इवान पिएकारा, 'केस इन पाइंट' के सह–लेखक तथा 'एक्यूमेन सॉल्यूशन' में सीनियर मैनेजर, 'चेंज मैनेजमेंट'

  विषय – प्रबंधक परामर्श कौशल एवं संभावना

  इस संवादात्मक सत्र में परामर्शी साक्षात्कार में सफल होने के लिए आवश्यक गुणों पर चर्चा करने के साथ–साथ इस पर भी चर्चा हुई कि शानदार एनजीओ तथा गैर–लाभप्रद कंपनियों को कैसे स्थापित किया जाए।

- अमोल नागर, परिचालन तथा आपूर्ति श्रृंखला के निदेशक

  उन्होंने इष्टतम उपयोग के लिए 'लीन एंड सिक्स सिग्मा' दृष्टिकोण पर चर्चा की जिससे यह जानने में मदद मिलती है कि किन वैध गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया जाए और चर्चा की जाए; और डिजिटलीकरण की यात्रा के बारे में भी बात हुई जो अब मैनुअल डॉटा से पूर्वानुमेय निष्पादन की और बढ़ रही है।

- श्री श्रीनिवास कन्नन, जेपी मोर्गन के हैड साउथ – कॉरपोरेट क्लाइंट बैंकिंग एंड स्पेशलाइज्ड इंडस्ट्रीज

  विषय : बैंकिंग एवं जोखिम प्रबंधन में नए प्रतिमान

  इस सत्र में प्रश्नोत्तर रखे गए जिसमें बैंकिंग के बुनियादी तथ्यों से लेकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तथा निजी क्षेत्र के बैंकों की विभिन्नताओं के बारे में चर्चा की गई। आइबीसी के माध्यम से गैर निष्पादक आस्तियों (एनपीए) के निपटान पर ध्यान केंद्रित करते हुए कोविड–19 के मद्देनजर इसके बैंकिंग पर प्रभाव एवं निहितार्थ, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पूंजीकरण का सरकार का अभियान, तथा कतिपय बैंकों की तुलनना में अन्यों की धन एकत्र करने की क्षमता सरीखे विषयों पर इसमें चर्चा की गई।

- श्री जय कुमार शाह, टाटा कैपिटल फाइनेंसियल सर्विसेज़ के सीए, सीएफओ

  विषय : गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां : छाया बैंकिंग संकट तथा कोविड–19 के उपरांत आगे की राह

  इस वार्ता में भारतीय छाया बैंकिंग संकट की गहन विवेचना की गई, जिसमें आईएल एंड एफएस के पतन के प्रभावों एवं इसके संक्रमण जोखिम के एनबीएफसी में फैलने के बारे में चर्चा की गई। संबद्ध आवास क्षेत्र हेतु अतिरिक्त निहितार्थ चर्चा का केंद्रीय विषय था। आवास ऋण पर कोविड–19 से संबंधित स्थगन, और निकट अवधि और मध्यम समय सीमा में संग्रहण पर उनके प्रभाव की चर्चा की गई।

- श्री अंकित जिंदल, केंद्रीय माल एवं वस्तु कर (सीजीएसटी) निरीक्षक

  विषय : वित्तीय लिखतों का प्रयोग करते हुए पोर्टफोलियो प्रबंधन

  फ्यूचर्स और ऑप्शंस की बुनियादी समझ को स्पष्ट करने से लेकर अदायगी को समझने तक, व्युत्पन्न (डेरिवेटिव्स) की शब्दजाल से भरे तथ्यों के बारे में यह स्पष्ट वार्ता थी। इसमें उन्होंने अपनी निवेश यात्रा की संपूर्ण कहानी, शेयर बाजार को उन्होंने कैसे समझा, निवेश से जुड़े जोखिम, और इसकी प्रतिरक्षा के लिए उन्होंने कैसे वित्तीय डेरिवेटिव्स का उपयोग किया, इस बारे में चर्चा की।

- श्री अश्विनी बजाज, सीए, सीएस, सीएफए, एफआरएम, सीएआईए, सीआईपीएम, सीसीआरए तथा लीवरेज़्ड ग्रोथ में सीईओ

  विषय : वित्तीय क्षेत्र में कैरियर के अवसर

  उन्होंने वित्तीय जगत के कई विषयों को कवर किया, उन्होंने प्रतिभागियों से पारंपरिक लेखा प्रोफाइल से परे देखने का आग्रह किया। प्रौद्योगिकी के आने से, 'मात्रात्मक विश्लेषण' और 'वैकल्पिक निवेश' में नई भूमिकाएं परिदृश्य को बदल रही हैं। उन्होंने ग्लोबल चार्टर के लाभों के बारे में बात की और बताया कि यह एमबीए के ऊपर भी मूल्यवर्धन देता है। अंत में, उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सफलतापूर्वक आगे बढ़ने करने के लिए नैतिकता के उच्चतम मानक को बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

कॉलोक्विम 2020 – श्रृंखला 1: पहले दिन के कार्यक्रम कंसल्टिंग क्लब के साथ ऑपरेशनल क्लब प्रक्रिया ने आयोजित किए, इसकी उप–विषयवस्तु 'रिथिंकिंग दि सप्लाई चेन स्ट्रेटेजी' थी। पैनल में थे :

- श्री प्रमोद कमार, बिजनेस हैड, सप्लाई चेन ऑपरेशन, गति–केडब्ल्यूई इंडिया।
- श्री मनोज भाटिया, वाइस प्रेसिडेंट (एशिया हैड), मोर्गन स्टेनली इंडिया।
- डॉ. अनीश अग्रवाल, डायरेक्टर – डाटा एनालिटिक्स, नेटवेस्ट ग्रुप इंडिया

'कॉलोक्विम 2020' की पहली पैनल चर्चा ने बदलती आपूर्ति श्रृंखला रणनीति के बारे में नया दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक प्रोफेसर एम. चंद्रशेखर के उद्घाटन संबोधन से हुई। आपूर्ति श्रृंखला मांग और आपूर्ति के बीच ठीक संतुलन कैसे बने, इस पर पैनलिस्टों ने सार्थक चर्चा की। उन्होंने विक्रेता संबंध प्रबंधन और वेयरहाउस निवेश करते हुए कंपनियों द्वारा अपनाई जाने वाली भविष्य की के मद्देनज़र आपूर्ति श्रृंखला रणनीति पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता के बारे में बताया।

इस कार्यक्रम में छात्रों की उत्साहजनक भागीदारी देखी गई। चर्चा के बाद छात्रों के साथ प्रश्नोत्तर हुआ। पहले दिन का रोमांचक सत्र बिजनेस क्लस्टर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ।

दूसरे दिन के कार्यक्रमों का आयोजन मार्केड्ज ने उप–विषयवस्तु 'डिजिटल वेव ऑफ 2020' पर किया।

दूसरे दिन की पैनल चर्चा में इस पर ध्यान केंद्रित किया गया कि किस तरह कोविड–19 परिवर्तन लाएगा, ऑनलाइन बाजार में कैसे नए ग्राहकों की वृद्धि होगी, एवं दूसरे एवं तीसरे टीयर के शहरों में पैठ के साथ कैसे न्यू इंडिया का आविर्भाव होगा।

दिन के आरंभ में समन्वयक (प्रशासन) प्रोफेसर दीपिका गुप्ता ने स्वागत संबोधन दिया। पेनलिस्टों ने कोविड के उपरांत कारोबार के लिए डिजिटल रूपांतरण के बारे में विचारोत्तेजक चर्चा करने के साथ–साथ परिवर्तन को अंगीकार करने की अपनी कहानियां भी बताईं। पैनल में थे :

- श्री हर्षवर्द्धन चौहान – वाइस प्रेसिडेंट – मार्केटिंग एंड ओमनी चैनल, स्पेंसर रिटेल एंड नेचर बास्केट
- सुश्री डोला हलदर, ब्रांड हैड, डोरटॉस, पेप्सिको इंडिया
- श्री साहिल पुरी – बिजनेस डेवेलपमेंट मैनेजर – फ्लिपकार्ट
- श्री अनुराग अय्यर – मार्केटिंग हैड – आरएसपीएल ग्रुप
- श्री सुमंत गांगुली – एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर – मुलेनलोव लिंटास ग्रुप

मुख्य वक्ता : सांसद और जी20 तथा जी7 में भारत के शेरपा श्री सुरेश प्रभु। उन्होंने 'रिशेपिंग इंडिया : रोल ऑफ बिजनेस एंटरप्राइज पोस्ट पेंडेमिक' विषय पर अपने विचार रखे।

श्री सुरेश प्रभु की सलाह थी कि अच्छे समय की याद में डूबे रहने और खराब समय का कठोरता से सामना करने के बजाय उससे सीखा जाए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि छात्रों को महामारी से क्या सीखना चाहिए और किस तरह के अवसरों का पता लगाना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि उन्हें अच्छे नागरिक होने के साथ–साथ कोविड–19 के बाद की दुनिया में उन्हें विविध आकस्मिकताओं से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।

कॉलोक्विम 2020 – श्रृंखला 2 : इसका आयोजन एपिक क्लब ने 'ड्यूलिटी ऑफ क्राइसिस' नामक उप–विषयवस्तु पर किया।

'कॉलोक्विम 2020' की तीसरी पैनल चर्चा 'ड्यूलिटी ऑफ क्राइसिस' नामक उप–विषयवस्तु पर थी, जिसका आयोजन 'दि एन्टरप्रियोनल पैसन एंड इनोवेशन (एपिक) क्लब' ने किया था। इसमें उन खतरों एवं अवसरों का पता लगाया गया जो इस महामारी के साथ आ रहे हैं एवं एक सफल स्टार्ट–अप के आधार के लिए दृष्टि, लक्ष्य और सुदृढ़ विचारों का सही मेल कैसे किया जाए। पैनल में थे :

- आशा संपत – संस्थापक, ब्रांड होरिजॉन
- यशवंत नाग मोचेर्ला – संस्थापक, दि थिंकशेक फैक्ट्री
- डॉ. राकेश सिन्हा – सीईओ और संस्थापक, रिफ्लेक्सिव सप्लाई चेन
- शिवकला एस – संस्थापक, थिंग्स ईटीसी, एसीटी टॉक

उन्होंने कोविड–19 के सकारात्मक पक्ष के साथ इस पर भी चर्चा की कि मूल्य निर्माण के लिए कारोबार किसी संकट को अवसर में कैसे बदल सकता है। श्रीमती शिवकला एस ने कार्यक्रम का संचालन किया।

मुख्य वक्ता : श्री अनिल कुमार चौधरी, अध्यक्ष, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल)।

उन्होंने 'फ्यूचर ऑफ पीएसयू' विषय पर रोचक चर्चा की।

वृद्धि 2021

सभा के पहले दिन की सह–मेजबानी कन्सल्टिंग क्लब के साथ फाइनेंस एंड इकोनॉमिक्स क्लब ने की। इसमें 'थ्राइविंग इन अनसर्टेन मार्केट्स : ए फाइनेंसियल–स्ट्रेटेजी परस्पेक्टिव' विषय पर पैनल चर्चा हुई। श्री रामभूषण कनुमुरी, इन्वेस्टेक इंडिया में चीफ स्ट्रेटेजी एंड ऑपरेशन आफिसर ने महामारी के कारण आए भूवैज्ञानिक अंतरण के बारे में काफी जानकारी दी और इसके साथ ही उन्होंने प्रयोगों और नवोन्मेष में मूल्य दक्षता के बारे में कार्यपालकों के दिमाग में आ रहे बदलावों पर भी चर्चा की। पारंपरिक और स्टार्ट–अप संगठनों में डॉटा/ तकनीक के महत्व, शीर्ष कार्यपालकों द्वारा ईएसजी पर नए रूप में ध्यान केंद्रित करना, आने वाले समय में पारंपरिक एवं डिजिटल के मिश्रण के रूप में सर्वोत्तम समाधान मिलने जैसे बिंदु भी चर्चा के विषय थे। ग्राहकों तक पहुंचने के लिए प्रभावी, दक्ष एवं आसान तरीकों के बारे में उपयोगी सुझाव दिए गए।श्री वरुण धींगरा, रेनस काउंसलिंग के संस्थापक ने तकनीकी क्षेत्र की कंपनियों तथा उनके असाधारण गुणकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए इनके मूल्यांकन के बारे में चर्चा की। उन्होंने नव–सामान्य के दौरान सृजित अधिग्रहीत और लक्षित कंपनियों के बीच गतिशील परस्पर क्रिया के बारे में चर्चा की। मौजूदा गुणकों के साथ नई तकनीक वाली कंपनियों का लगभग असंभव मूल्यांकन भी समझाया गया। इस सत्र का टेकअवे था कि अनुकूलनशीलता ही कुंजी है।डॉ शाश्वत साहू, गारनर के डॉटा साइंस के डायरेक्टर ने 360-डिग्री परिदृश्य के आलोक में यह समझाया कि किस तरह ग्राहक स्वयं से संबंधित अनिश्चितताओं का पता लगाते हैं और त्वरित अंतरण के माध्यम से सक्षम बनाए गए विविध–चैनल अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करते हुए पुन: प्राप्ति एवं नवीनीकरण के लिए विभिन्न कार्य योजनाओं का संचालन करते हैं। कई ग्राहकों के साथ काम करने के उनके अनुभव ने नया दृष्टिकोण प्रदान किया कि कैसे ये ग्राहक अनिश्चितताओं का जवाब देने के तरीके का पता लगा रहे थे और प्रतिक्रिया देने, पुन: प्राप्ति करने, नवीनीकरण करने के माध्यम से आगे की योजना बना रहे थे। मल्टीचैनल अनुभव की ओर भढ़ते ध्यान पर भी चर्चा की गई।

सभा के दूसरे दिन की सह–मेजबानी प्रक्रिया–ऑपरेशन क्लब के साथ मार्केड्ज–मार्केटिंग क्लब ने की। इसमें 'रिइग्नाइटिंग बिजनेस : इनोवेटिव, इनक्लूजिव एंड इनविन्सीबिल' विषय पर पैनल चर्चा हुई।

1. श्री आशीष कुमार, नियरस्टोर के सह–संस्थापक एवं सीईओ।

   उन्होंने प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के इरादे में वृद्धि के वर्तमान रुझानों, स्टोर की मैपिंग और ऑर्डर आवंटन के लिए उपयोग की जाने वाली कार्यप्रणाली के साथ महत्वपूर्ण मेट्रिक्स डिलीवरी का समय, दूरी और भरण–दर के बारे में चर्चा की। उन्होंने आपूर्ति–श्रृंखला से जुड़े जोखिमों, जैसे कि दीर्घकालिक स्थिति, वित्तीय सहायता और लागत की स्थिरता, के बारे में चर्चा की।

2. श्री कार्तिक गुरुमूर्ति, स्विगी में ग्रोसरी (इंस्टामार्ट) के वाइस प्रेसिडेंट।

   उन्होंने हाइपरलोकल प्रारूप बनाने; हाइपरलोकल में लागत संरचना की कठिनाइयां; टियर 2 और टियर 3 शहरों में ई–कॉमर्स का विकास और गिग वर्कर्स के लिए न्यूनतम आय सुनिश्चित करने के बारे में चर्चा की। उन्होंने उपभोक्ताओं अपने यहां बनाए रखने और बार–बार आपके यहां आने और ग्राहक अनुभव के संकेतक के रूप में भरण दर और अंत में खरीद के निर्णय को खरीद के बिंदु पर स्थानांतरित करने के बारे में चर्चा की।

3. श्री सरबजीत मथारू, ब्रिजस्टोन, इंडिया में रिटेल इन्नोवेशन और ओमनी चैनल के मैनेजर।

   उन्होंने इस बारे में अपने अनुभव साझा किए कि ग्रामीण भारत में हाइपरलोकल मॉडल का विस्तार करने के लिए एंड–कंज्यूमर डिलीवरी कैसे संचालित होती है और एक समाधान के रूप में ओमनी चैनल कैसे काम करता है। उन्होंने ग्राहकों के लिए सेवा बुनियादी ढांचे के महत्व के बारे में बात की और अंत में विमुद्रीकरण के बाद उपभोक्ताओं के व्यवहार में बदलाव के बारे में बताया, अर्थात् नकदी पर निर्भरता कैसे कम हुई और कैशलेस अर्थव्यवस्था की दिशा में कैसे बढ़ा गया।

4. लोकेश नट्टू, डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशन, 21 नॉर्थ यूरोप ने बताया कि किस तरह ऑनलाइन शॉपिंग किस तरह अधिक प्रचलित हो रही है, उपभोक्ता कुछ मुख्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जैसे कि ऑर्डर पूरा होने में 3-4 दिन का समय लग रहा है और ऑनलाइन माध्यम से विश्वास की कमी दिखती है। यही वह जगह है जहां ई–कॉमर्स की मदद के लिए हाइपरलोकल मार्केटप्लेस सामने आते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा को पड़ोस के आम स्टोर की सुलभ पहुंच और भरोसे के कारक से जोड़कर, ये मार्केटप्लेस देश के समझदार उपभोक्ता

आधार की ऑनलाइन शॉपिंग से जुड़ी चिंताओं का जवाब बन गए हैं।

मुख्य सत्र

वृद्धि – वार्षिक कारोबार सभा के इस दूसरे संस्करण में कारोबारी जगत के कुछ बड़े नामों ने शिरकत की।

वृद्धि 2.0 के पहले दिन के मुख्य सत्र में कोटक महिंद्रा असेट मैनेजमेंट कंपनी के प्रेसिडेंट सीआईओ – डेट एंड हैड–प्रोडक्ट्स लक्ष्मी अय्यर ने 'चेंजिंग टाइड्स ऑफ फाइनेंशियल वर्ल्ड – ए रिवार्डिंग कैरियर फॉर वुमैन टु ग्रो' विषय पर संबोधन दिया। उन्होंने पिछले कुछ महीनों में वित्तीय कारोबारी परिदृश्य में ए 360-डिग्री परिवर्तन पर बात करते हुए कहा कि केवल तकनीकी सक्षम संगठन ही इन परिवर्तनों से पार पा सकते हैं। सुश्री अय्यर ने मध्यम स्तर और उससे आगे काम करने वाली महिलाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की प्रतिबद्धता का आह्वान किया।

वृद्धि 2.0 के दूसरे दिन के मुख्य सत्र में 'दि न्यू एज मार्केटिंग' विषय पर शम्स जसानी (ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया, इसोबार) तथा मालविका आर हरिता (संस्थापक और सीईओ, ब्राइड सर्किल एंड मेंबर, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स) ने संबोधन दिया। वक्ताओं ने सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ परिस्थितियों से निपटने, लचीलेपन और लचीलेपन के महत्व और डिजिटल परिवर्तन ने ब्रांड मार्केटिंग और व्यवसाय को कैसे प्रभावित किया है और युवा ब्रांड मार्केटर्स के लिए भविष्य क्या है, इस पर अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए।

हृदय 5.0

संस्थान का मानव संसाधन का प्रमुख कार्यक्रम हृदय 5.0 है। सभा का विषय 'चेंज मैनेजमेंट' था। मुख्य वक्ता कैप्टन प्रणव प्रसून, हैड ऑफ एचआर, रेनॉल्ट इंडिया प्रा. लि. ने 'एचआर एस क्रूसेडर' विषय की शुरूआत की एवं इस पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की, इसके बाद 'टुवड्र्स ए न्यू एचआर फिलॉसफी – डू दि चेंजिंग टाइम्स मेंडेट चेंजिंग रोल फॉर द एचआर?' विषय पर पैनल परिचर्चा हुई। पैनल में शामिल थे :

- आदित्य अडयार [हैड ऑफ एचआर – पीरामल रियल्टी]
- कैप्टन प्रणव प्रसून [हैड ऑफ एचआर, रेनॉल्ट इंडिया प्रा. लि.]
- डॉ. अंकिता सिंह [सीनियर वीपी एंड ग्लोबल हैड ऑफ एचआर – सिजनेक्स डॉटामेटिक्स]
- ज्योति सिंह [एचआर हैड – डॉटाफाउंड्री एआई]
- सुदीप्तो मंडल [वीपी एंड सीएचआरओ – स्टार सीमेंट लि.]
- विप्र बब्बर [हैड एचआर इंडिया – मीरो]
- यशवंत चौहान [सीनियर मैनेजर एचआर – गेल]

पैनल का संचालन भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), विशाखापत्तनम की प्रो. अनुपमा शर्मा ने किया। चर्चा में प्रकाश डाला गया कि कैसे मानव संसाधन की भूमिका इन वर्षों में विकसित हुई है, यह न केवल एक प्रवर्तक की बल्कि एक उद्धारक की भी निभा रही है। नियोक्ता और कर्मचारी के बीच एक स्वस्थ संबंध होना आवश्यक है, सहानुभूति और विश्वास इसके दो केंद्रीय स्तंभ हैं। मानवीय होना एक और महत्वपूर्ण बिंदु है। परिवर्तन प्रबंधन के लिए नियोजित की जाने वाली प्रक्रिया और तकनीकों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया था। अच्छी कार्य संस्कृति के साथ अच्छा कार्यस्थल बनाने के लिए मूल्यों और अखंडता पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। अंग्रेजी के शब्द केयर के शब्दों के आधार पर इसका सृजन इस प्रकार किया जा सकता है अर्थात संप्रेषण (कम्युनिकेशन), अनुकूलनीयता (एडाप्टिवनेस), प्रतिक्रियात्मकता (रेसपांसिवनेस), एवं संवेदना (एम्पेथी)। एक और महत्वपूर्ण पहलू यह था कि वर्तमान और भविष्य के मानव संसाधन के अग्रणी व्यक्तियो को अपने कर्मचारियों के दिल (हृदय) और दिमाग का ख्याल रखना होगा। व्यापार, बाजार, लोगों और सक्षम कार्यों का 'मंथन' होने से परिवर्तन होगा।

दूसरे दिन का मुख्य वक्तव्य श्री सौरभ बजाज, स्किल ट्रांसफॉर्मेशन कंसलटेंट एपीएसी–कोरसेरा ने 'फ्यूचर ऑफ जॉब्स – एम्ब्रास दि चेंज' विषय पर दिया।

'चेंजिंग नेचर ऑफ दि वर्कफोर्स ऑफ दि फ्यूचर' विषय पर पैनल परिचर्चा हुई। पैनल में शामिल थे :

- सौरभ बजाज [स्किल ट्रांसफॉर्मेशन कंसलटेंट एपीएसी–कोरसेरा]
- अतुल्य गोस्वामी [एचआर हैड इंडिया रीजन – यूपीएल लि.]
- संजय चंदेल [सीनियर वीपी एंड हैड ऑफ एचआर–स्टर्लिंग]
- स्नेहा जैन पॉल [एसोसिएटिड वीपी एचआर–मान्यवर]
- सुशील त्रिपाठी [एचआर हैड गार्मेंट डिवीजन–सियाराम सिल्क मिल्स लि.]

पैनल का संचालन भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), विशाखापत्तनम की प्रो. विशाखा मजूमदार ने किया। इसमें सीखने की कला पर जोर दिया गया। अगला कदम विकसित मानसिकता, प्रभावी श्रवण कौशल और सीखे हुए को लागू करना होगा। योग्यता विकसित करना एक अन्य महत्वपूर्ण कारक है। बदलाव को अपनाने के लिए खुद को मैनेज करने और खुद को अपग्रेड करने की क्षमता होना भी उतना ही जरूरी है। परिवर्तन की प्रेरणा हमेशा अंदर से आती है। वर्तमान कार्यबल को बदलने में प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग पर चर्चा हुई। पैनल ने सचल कार्यबल की आवश्यकता और डिजिटल डार्विनवाद की अवधारणा को भी छुआ।

3. कार्यपालक शिक्षा

यह संस्थान विभिन्न प्रकार के कस्टमाइज्ड और मुक्त कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रमों को पेश करता है।

भारतीय प्रबंध संस्थान अधिनियम, 2017 के उद्देश्यों के अनुसार अन्य बातों के साथ–साथ इस संस्थान का उद्देश्य ऐसे अग्रगण्यों को, जो वृत्तिक प्रबंधकों, उद्यमियों के रूप में योगदान दे सकते हैं, और प्राइवेट, सावर्जनिक और सामाजिक क्षेत्र में विद्यमान तथा नए प्रकट होने वाले उद्यमों के प्रबंधकर्ताओं को शिक्षित करना और उन्हें समर्थन देना; नई जानकारी और नई प्रक्रिया पद्धति की अभिवृद्धि के लिए तथा प्रबंध सिद्धांत और पद्धति में वैश्विक अग्रणीत्व का का उपबंध करने के लिए अनुसंधान, प्रकाशन, परामर्शकारी और सलाहकारी कार्य करना; उच्च क्वालिटी के प्रबंध शिक्षण का उपबंध करना तथा ज्ञान के संबंधित क्षेत्रों तथा साथ ही अंतर–विषयक अध्ययनों को प्रोन्नत करना; सामाजिक और लिंग संबंधी समानता का संवर्धन करने वाले कार्यक्रम का समर्थन करना तथा और उसका विकास करना; ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों और संकायों का विकास करना जो विद्या की सभी शाखाओं में शिक्षा, अध्ययन और विद्यार्जन के प्रयोजनों को अग्रसर करना है।

2020-21 की अवधि के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की सूची विवरण 6 के रूप में संलग्न है।

4. संकाय (फैकल्टी)

अपनी भर्ती गतिविधियों के माध्यम से संस्थान ने उच्च स्तर के और प्रभावशाली शिक्षण और अनुसंधान साख वाले संकाय सदस्यों अपने यहां जोड़कर अपनी साख में वृद्धि की है। भर्ती संबंधी विभिन्न समितियों के सदस्यों के सहयोग, दिशानिर्देश तथा सहयोगपूर्ण मार्गदर्शन से संस्थान ने संकाय भर्ती का पांचवा चरण एवं समाज के कमजोर वर्गों से संकाय उम्मीदवारों को भर्ती करने के लिए चलाए गए विशेष भर्ती अभियान को पूरा किया है। वर्ष 2020-21 में कुल ग्यारह नए संकाय संस्थान में शामिल हुए, जबकि दो संकाय सदस्यों ने संस्थान छोड़ दिया। इसके साथ ही, संस्थान के पास वित्त वर्ष 2020-21 के अंत तक निदेशक सहित 30 सदस्यों की संचयी संकाय संख्या है। संस्थान की निरंतर आधार पर सक्षम शिक्षकों को नियुक्त करने और बनाए रखने की महत्वाकांक्षी योजना है।

4.1 नियुक्तियां

- डॉ. सरोज कुमार पाणि को उद्यमिता क्षेत्र में 06 अप्रैल 2020 को एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ. विशाल सिंह पटियाल को उत्पादन एवं संचालन प्रबंधन क्षेत्र में 31 अगस्त 2020 को सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ. पी राजा शेखर सरमा को 07 अक्टूबर 2020 को उत्पादन और संचालन प्रबंधन क्षेत्र में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ. श्रीनिवास जोस्युला को सूचना प्रणाली क्षेत्र में 17 दिसंबर 2020 को अभ्यास के एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ सुनीता तुमकुर को प्रबंधन संचार क्षेत्र में 08 जनवरी 2021 को सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ. आलोक कुमार को उत्पादन एवं संचालन प्रबंधन क्षेत्र में 18 जनवरी 2021 को सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ. विनय यादव को 25 जनवरी 2021 को निर्णय विज्ञान क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ. बालाजी सुब्रमण्यम को 01 फरवरी 2021 को संगठनात्मक व्यवहार और मानव संसाधन क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ. रोहित टिटियाल को उत्पादन एवं संचालन प्रबंधन क्षेत्र में 22 फरवरी 2021 को सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ. सुशील कुमार को 25 फरवरी 2021 को उद्यमिता क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ अंकित कुमार को अर्थशास्त्र और सामाजिक विज्ञान क्षेत्र में 31 मार्च 2021 को सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।

4.2 त्यागपत्र

- डॉ. अनिर्बान घटक, सहायक प्रोफेसर, निर्णय विज्ञान क्षेत्र को 15 जून 2020 को अपराह्न से संस्थान की सेवाओं से मुक्त कर दिया गया।
- डॉ. जयशंकर रामनाथन, सहायक प्रोफेसर, विपणन क्षेत्र को 04 फरवरी 2021 को अपराह्न से संस्थान की सेवाओं से मुक्त कर दिया गया।

उपरोक्त के अलावा, भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) बैंगलोर और अन्य प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूलों के उद्योग विशेषज्ञों और विजिटिंग फैकल्टी ने विभिन्न कार्यक्रमों में पाठ्यक्रम पढ़ाया। संकाय सदस्यों की सूची विवरण 7 के रूप में संलग्न है।

4.3 अतिथि व्याख्यान

